**गेल डी० ए० वी० पब्लिक स्कूल**

**गेलगाँव दिबियापुर**

**कक्षा - 8 विषय- नैतिक शिक्षा पाठ-1 प्रार्थना अंक-25**

## खण्ड ‘क’

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रार्थना मंत्रों पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए । | 1×6=6 |
| क | ‘तमसो मा ज्योतिर्गमय’ का क्या भाव है?<br>a) ज्ञान प्राप्त करना<br>b) सोना<br>c) खेलना<br>d) यात्रा करना | 1 |
| ख | 3. दूसरे मंत्र में “दुरितानि” का अर्थ क्या है?<br>a) अच्छे कर्म<br>b) बुराइयाँ / पाप<br>c) मित्र<br>d) धन | 1 |
| ग | यद् भद्रं तन्न आसुव” का अर्थ है -<br>a) बुराई दो<br>b) शुभ प्रदान करो<br>c) धन दो<br>d) शक्ति दो को देता है। | 1 |
| घ | “असतो मा सद्गमय” का अर्थ है -<br>a) अंधकार से प्रकाश की ओर<br>b) असत्य से सत्य की ओर<br>c)मृत्यु से जीवन की ओर<br>d)बुराई से अच्छाई की ओर | 1 |
| ङ | प्रश्न 4. प्रार्थना कब करनी चाहिए?<br>a) केवल सुबह<br>b) केवल रात में<br>c) जब मन करे<br>d) नियमित रूप से | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| च | यदि कोई व्यक्ति हमेशा सही और अच्छे निर्णय लेता है, तो यह किस मंत्र के संदेश को दर्शाता है?<br>a) केवल "दुरितानि परासुव"<br>b) "असतो मा सद्गमय"<br>c) केवल "यद् भद्रं तन्न आसुव"<br>d) इनमें से कोई नहीं | 1 |
| 3 | निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत, समझकर उत्तर लिखिए। | 1×6=6 |
| क | प्रार्थना के दोनों मंत्र हमें सही मार्ग पर चलने, अच्छाइयों को अपनाने और बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा देते हैं। | 1 |
| ख | "अंधकार" का अर्थ केवल रात का अँधेरा होता है, इसका संबंध अज्ञान से नहीं है। | 1 |
| ग | यदि व्यक्ति अपने जीवन में अच्छे कर्म करता है, तो वह "अमृतत्व" (अच्छे कार्यों के द्वारा अमरता) की ओर बढ़ता है। | 1 |
| घ | ये मंत्र हमें अपने व्यवहार में सुधार लाने और सही निर्णय लेने की शिक्षा देते हैं। | 1 |
| ङ | इन मंत्रों के अनुसार हमें बुराइयों को अपना कर ही सफलता प्राप्त करनी चाहिए। | 1 |
| च | "भद्र" का अर्थ केवल बाहरी सुंदरता से होता है, अच्छे विचारों से नहीं। | 1 |
| | **खण्ड 'ख'** | |
| 3 | पाठ का भाव समझते हुए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए। | 2×2=4 |
| क | यदि कोई व्यक्ति बार-बार झूठ बोलता है, तो "असतो मा सद्गमय" मंत्र उसके जीवन में क्या बदलाव ला सकता है? | 2 |
| ख | "भद्र" (शुभ) चीजें हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकती हैं। आपके अनुसार आपके जीवन में "भद्र" क्या है? | 2 |
| | **खण्ड 'ग'** | |
| 3 | परिस्थिति पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । | 3×3=9 |
| I | नेहा एक होशियार छात्रा थी और पहले हमेशा अच्छे अंक लाती थी।<br>लेकिन पिछले कुछ समय से उसने मोबाइल पर ज्यादा समय बिताना शुरू कर दिया है। वह देर रात तक वीडियो देखती रहती है"और सुबह थकी हुई स्कूल जाती है।<br>इसके साथ ही, उसने कुछ ऐसे दोस्तों का साथ पकड़ लिया है जो पढ़ाई में ध्यान नहीं देते और समय बर्बाद करते हैं। धीरे-धीरे नेहा की पढ़ाई कमजोर हो गई है और उसके अंक भी गिरने लगे हैं।<br>अब उसके शिक्षक और माता-पिता चिंतित हैं कि नेहा पहले जैसी मेहनती और समझदार क्यों नहीं रही? | |

 © GAIL DAV PUBLIC SCHOOL

| | | |
|---|---|---|
| क | नेहा मोबाइल और गलत संगति के कारण पढ़ाई में पीछे हो रही है।<br>"तमसो मा ज्योतिर्गमय" मंत्र उसे क्या संदेश देता है? | 1 |
| ख | आप उसे सही राह पर लाने के लिए क्या करेंगे? | 2 |
| II | अंकित एक अच्छा और ईमानदार छात्र है। एक दिन उसे स्कूल के मैदान में एक पर्स मिलता है, जिसमें कुछ पैसे और जरूरी कागज़ात होते हैं।<br>उसके कुछ दोस्त उसे कहते हैं कि पर्स अपने पास रख लो और पैसे आपस में बाँट लो, किसी को पता भी नहीं चलेगा। लेकिन अंकित के मन में यह बात खटक रही है कि यह गलत है और किसी का नुकसान हो सकता है।<br>अब अंकित समझ नहीं पा रहा है कि वह अपने दोस्तों की बात माने या सही रास्ता चुने। | |
| क | अंकित के सामने कौन-कौन से दो विकल्प हैं?<br>बताइए कि कौन-सा विकल्प "सत्य और सही मार्ग" (सद्गमय) को दर्शाता है और क्यों? | 1 |
| ख | यदि अंकित अपने दोस्तों की बात मान लेता है, तो उसके जीवन पर इसका क्या नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है? | 2 |
| III | रीमा को स्कूल में एक प्रतियोगिता के दौरान मौका मिलता है कि वह दूसरे छात्र का प्रोजेक्ट देखकर अपना काम पूरा कर सकती है।<br>उसे पता है कि ऐसा करना गलत है, लेकिन इससे उसे जीतने का मौका मिल सकता है।<br>उसी समय उसे "असतो मा सद्गमय" मंत्र याद आता है। | |
| क | इस स्थिति में रीमा ने सही निर्णय लिया तो इससे उसे क्या सीख मिलती है? | 1 |
| ख | रीमा इस स्थिति में "असतो मा सद्गमय" मंत्र को याद करके क्या निर्णय ले सकती है और क्यों? | 2 |

 © GAIL DAV PUBLIC SCHOOL

**गेल डी० ए० वी० पब्लिक स्कूल**

**गेलगाँव दिबियापुर**

**कक्षा - 8 विषय- नैतिक शिक्षा पाठ- 2 अग्नि की चाह अंक- 25**

## खण्ड 'क'

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पाठ 'अग्नि की चाह पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए । | 1×6=6 |
| क | हवन के दौरान अग्नि की भूमिका क्या है?<br>a) केवल लकड़ियों को जलाना<br>b) हवन सामग्री को भस्म करना और वातावरण को शुद्ध करना<br>c) केवल पूजा में सजावट करना<br>d) मंत्रों का उच्चारण करना | 1 |
| ख | पाठ के अनुसार घृत (घी) का महत्व क्या है?<br>a) हवन की लौ को लंबे समय तक जलाए रखना<br>b) वातावरण को महकाना और सकारात्मक ऊर्जा लाना<br>c) दिव्य आशीर्वाद (कुबेर देवता का) प्राप्त करना<br>d) उपरोक्त सभी | 1 |
| ग | हवन सामग्री में मिली औषधियाँ कैसे लाभ पहुँचाती हैं?<br>a) वातावरण शुद्ध करती हैं और कीटाणु मारती हैं<br>b) केवल धुआँ देती हैं<br>c) भोजन तैयार करती हैं<br>d) ध्यान और मंत्रों का महत्व कम करती हैं | 1 |
| घ | हवन का वैज्ञानिक पहलू बच्चों को क्या सिखाता है?<br>a) केवल धार्मिक क्रियाएँ होती हैं<br>b) प्रकृति और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती हैं<br>c) समय बर्बाद करने वाली गतिविधि है<br>d) केवल मनोरंजन का साधन है | 1 |
| ङ | लेखक ने हवन में देखा कि हर सामग्री और अग्नि का सही उपयोग जरूरी है। अगर वह दैनिक जीवन में भी हर काम ध्यानपूर्वक और सही तरीके से करता है, तो इसका सबसे अच्छा परिणाम क्या होगा?<br>a) केवल समय बर्बाद नहीं होगा<br>b) उसका हर कार्य सकारात्मक परिणाम देगा और उसे संतुष्टि मिलेगी | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | c) लोग केवल उसे सराहेंगे<br>d) उसे सिर्फ पुरस्कार मिलेगा | |
| च | हवन में घृत डालने से अग्नि लंबे समय तक प्रज्वलित रहती है। दैनिक जीवन में यह हमें किस बात की प्रेरणा देता है?<br>a) केवल उत्सवों को लंबा बनाना<br>b) कठिन परिश्रम और निरंतरता से लक्ष्य प्राप्त करना<br>c) आराम करना और समय व्यतीत करना<br>d) केवल धार्मिक कर्म करना | 1 |
| 2 | पाठ पर आधारित निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत, समझ कर लिखिए। | 1×6=6 |
| क | हवन के सफल होने में अग्नि का प्रज्वलित होना आवश्यक है। | 1 |
| ख | हवन केवल धार्मिक क्रिया है और इसका स्वास्थ्य या वातावरण से कोई संबंध नहीं है। | 1 |
| ग | हवन सामग्री में शामिल औषधियाँ हवा को शुद्ध करने और मानसिक शांति प्रदान करने में मदद करती हैं। | 1 |
| घ | घृत की आहुति से वातावरण में सकारात्मकता और स्वच्छता बढ़ती है। | 1 |
| ङ | हवन के मंत्र उच्चारण से मानसिक तनाव और चिंता में भी राहत मिल सकती है । | 1 |
| च | हवन में प्रयुक्त लकड़ी का प्रकार महत्वपूर्ण नहीं है,कोई भी लकड़ी प्रयोग की जा सकती है। | 1 |
| | **खण्ड 'ख'** | |
| 3 | पाठ पर आधारित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए। | 2×2=4 |
| क | हवन में मंत्रों के उच्चारण से मस्तिष्क और मन पर क्या प्रभाव पड़ता है? | 2 |
| ख | इस पाठ में अग्नि ने अपने उद्देश्य के बारे में क्या बताया? | 2 |
| | **खण्ड 'ग'** | |
| 4 | परिस्थिति पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । | 3×3=9 |
| I | आपके विद्यालय में वैदिक हवन कार्यक्रम हो रहा है। आपने देखा कि कुछ साथी हवन सामग्री और अग्नि के महत्व को लेकर मज़ाक उड़ा रहे हैं। शुरुआत में आपको भी यह सब उबाऊ लगता है और आप सोचते हैं कि हवन में भाग लेना क्यों ज़रूरी है। | |
| क | यदि आप लेखक की तरह सोचें, तो आप अपने मित्रों को हवन के महत्व और लाभ कैसे समझाएँगे ? | 1 |
| ख | इस स्थिति में आप क्या महसूस करेंगे और हवन में भाग लेकर आप क्या सीख सकते हैं? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| II | आपके घर में पहली बार हवन हो रहा है। आपको यह नहीं पता कि हवन सामग्री और घृत का क्या महत्व है। आप लेखक की तरह उत्सुक हैं और अग्नि से उसके उद्देश्य और वैज्ञानिक पहलू के बारे में जानना चाहते हैं। | |
| क | यदि आप लेखक की तरह अग्नि से हवन के महत्व और लाभ पूछते हैं तो आप कौन-कौन से दो सवाल पूछेंगे? | 1 |
| ख | हवन के वैज्ञानिक पहलू को जानने के बाद आप अपने विचारों में क्या बदलाव महसूस करेंगे? | 2 |
| III | सारा अपने दोस्तों के साथ स्कूल की सामूहिक खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही थी। शुरुआत में वह जल्दी हार मानने लगी और अपने प्रयासों को कम आंक रही थी। तभी उसे हवन में देखा अनुभव याद आया - कि अग्नि केवल तभी सफल होती है जब उसे सही सामग्री, धैर्य और ध्यान के साथ जलाया जाए। सारा ने भी अपने प्रयासों पर ध्यान दिया और धीरे-धीरे अपनी टीम को प्रोत्साहित कर जीत की दिशा में काम किया। | |
| क | अगर सारा ने हवन से सीखी गई सीख को नहीं अपनाया होता, तो उसके प्रयासों और परिणाम पर क्या असर पड़ता? | 1 |
| ख | सारा ने हवन से सीखी गई सीख को अपने प्रतियोगिता अनुभव में कैसे लागू किया और इसका क्या परिणाम हुआ? | 2 |

 © GAIL DAV PUBLIC SCHOOL